an>

Title: Need to provide financial assistance to farmers affected from Natural calamities.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। देश में असमय बारिश, ओला वृष्टि के पश्चात् देशवासियों को भूकंप का भी दंश झेलना पड़ रहा है। पूर्व के प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की रबी की फसल एवं अन्य फसलों का भारी नुकसान हुआ है। झारखंड में आई चरणबद्ध इन प्राकृतिक आपदाओं से किसानों सहीत अन्य लोग भी प्रभावित हुए हैं। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों का जिलावार आकलन करना चाहिए। इस परियोजन से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की जांच टीम की रिपोर्ट और सहायता राशि प्रदान करने की आवश्यकता है। आज पूरे देश में भूकंप के प्रकोप से लोग भयभीत हैं।

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरा आग्रह है कि खासकर झारखंड प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यह सुनिश्चित करवाया जाये कि उनका ऋण और बिजली बिल माफ करवाया जाये और भूकंप पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध करवायी जाये। गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद, बोकारो और गिरिडीह के किसानों को इससे निजात दिलाया जाये।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Nishikant Dubey is permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.